॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

हे देव! हे सखा! हे मित्र! तू इस सँसाररूपी राष्ट्र का स्वामी है। इस राष्ट्र को शान्तिदायक, महान् और ऊँचा बना। विधाता! यही नहीं, हम सँसाररूपी राष्ट्र को ऊँचा बनाना चाहते हैं। हम सबसे पूर्व यह चाहते हैं कि जो हमारा हृदयरूपी राष्ट्र है यह हर प्रकार से ऊँचा बना रहे। यह हमारी हृदयरूपी जो अयोध्या है इसमें वह राम विराजमान रहें, जिस रामराज्य के ऊपर सँसार व्याकुल होता चला जा रहा है। हे विधाता! आज हम शरीर में वह अयोध्या चाहते हैं जिसमें रामराज्य हो जाए। हमारी यह अयोध्यारूपी नगरी ऊँचा बन जाए और वह विधाता, इस नगरी में ओत-प्रोत हो जाए। वह विधाता, इस राष्ट्र का स्वामी बन जाए।

हे विधाता! आज हम उस राष्ट्र को ऊँचा बनाना चाहते हैं। जिस राष्ट्र में हमारा जन्म हो, जो राष्ट्र हमारे शरीर का एक ऊँचा भाग हो। कैसे बनाएँगे, विधाता? जब तक आपकी करूणा नहीं होगी, विधाता! आपकी दी हुई प्रेरणा हमें नहीं मिलेगी। तब तक हम इस सँसार का, अपने शरीर रूपी राष्ट्र का उत्थान किसी भी प्रकार नहीं कर सकते, न ही इसका निर्माण अच्छी प्रकार कर सकते हैं।

प्रभु! हम अपना ही कल्याण नहीं चाहते, सँसार का कल्याण चाहते हैं। जब सँसार में रहने वाले प्राणियों का हृदय, अयोध्या के तुल्य बन जाएगा, रामराज्य सबके हृदय में रमण कर जाएगा। उस काल में शान्ति का प्रदर्शन हो जाएगा।

विधाता! आज हम भी अपना प्रदर्शन कर रहे हैं। हम भी अशान्ति में हैं। हमें शान्ति नहीं मिल रही है।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अंक : 560 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 635
वर्ष : 47 44 समग्र वर्ष : 53

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1. प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2. अनुक्रम		4
3. संसार क्या है?	पूज्यपाद-गुरुदेव	5-17
4. राष्ट्र उत्थान हेतु महानन्द जी के उद्गार	पूज्यपाद-गुरुदेव व महर्षि महानन्द जी	18-35
5. ऋषियों के उद्गार		36
6. दान, पुस्तकों की सूची व पुस्तक प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि		37-42

नम्र-निवेदन

पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज ने अपने प्रवचनों में वेदमन्त्रों का गान करते हुए उनकी प्रचलित भाषा में व्याख्या की है। उसी अमृत वाणी को जनकल्याण के लिए ''सँहिता'' रूप में प्रकाशित करने के लिए वैदिक अनुसन्धान समिति सभी श्रद्धालु एवम् दानदाताओं से सहयोग के लिए आह्वान करती है जिससे कि प्रकाशन का कार्य सुचारू रूप से ऊर्ध्वा गति को प्राप्त होता रहे। सहयोग की राशि समिति के बैंक खाते में स्वेच्छानुसार भेजने के लिए बैंक का विवरण निम्न प्रकार से है–

वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी.) **PAN No. – AAAAV7866J**

पंजाब नैशनल बैंक, खान मार्केट, नई दिल्ली

बैंक खाता नं. - 0149000100229389, IFSC Code – PUNB–0014900

website : www.shringirishi.in

Email : contact@shringirishi.in

।। ओ३म् ।।

संसार क्या है?

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद-वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद-वाणी में उस महामना मेरे देव की महिमा का गुणगान गाया जाता है। वह संसार का नियन्ता है अथवा निर्माण करने वाला है। हमारे यहाँ उस परमपिता परमात्मा की अनन्तमयी महिमा का गुणगान गाया जाता है। प्रत्येक वेद मन्त्र उस परमपिता परमात्मा की गाथा गा रहा है। जिस प्रकार माता का पुत्र माता की गाथा गाता रहता है उसी प्रकार प्रत्येक वेद मन्त्र उस परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान का वर्णन करता रहता है। क्योंकि वह परमपिता परमात्मा अनन्तमयी माने गए हैं। यह जो जड़-जगत और चेतन जगत हमें दृष्टिपात आ रहा है, चाहे वह चेतना के किसी भी रूप में विद्यमान हो, वह जड़वत किसी रूप में विद्यमान हो, जिस भी काल में मानव ने दोनों प्रकार के जड़वत व चेतनवत के ऊपर विचार-विनिमय किया है उसी के मूल में वह परमपिता परमात्मा दृष्टिपात आते रहते हैं।

मानव की भावना

बहुत समय हुआ जब ऋषि-मुनियों के काल और विज्ञानवेत्ताओं के मध्य में उस परमपिता परमात्मा के जगत के ऊपर अनुसन्धान होता रहा। बहुत पुरातन काल हुआ जब ऋषि-मुनि अपनी स्थलियों पर विद्यमान होकर के यह चिन्तन करने लगे कि यह संसार जो अपना क्रियाकलाप कर

रहा है और यह नाना प्रकार की आभा में निहित हो रहा है इसके मूल में क्या है? ऋषि-मुनियों ने एक वाक्य कहा है कि मानव अनुष्ठान कर रहा है अथवा परमात्मा की महिमा का गुणगान गाने लगा है परन्तु यह सर्वत्र की भावना मानव के हृदय में रहती है, प्रत्येक प्राणी के हृदय में यह भावना रहती है कि मेरी मृत्यु नहीं होनी चाहिए। मैं प्रकाश के आङ्गन में जाना चाहता हूँ और प्रकाश में रत्त होना चाहता हूँ, मैं अन्धकार नहीं चाहता हूँ। मेरी प्यारी माता अपने पुत्र के ऊर्ध्वा में कल्पना करती रहती है और उसके हृदय में एक ही कामना रहती है कि मेरा पुत्र मृत्यु को न प्राप्त हो जाए, वह सदैव प्रकाश में रहने वाला हो। तो विचार आता है कि मृत्यु जो शब्द मानव के समीप आता रहता है, प्रत्येक अपनी आभा में नियुक्त हो करके चिन्तन कर रहा है परन्तु जब वैदिक वाणी में प्रवेश करते हैं या दार्शनिकों की सभाएँ हुआ करती हैं तो विचारा जाता है कि यह संसार क्या है। प्रत्येक मानव संसार के सम्बन्ध में विचारता रहता है। यह संसार अपने में निहित रहने वाला है।

यह संसार एक कल्प वृक्ष है

विचारा गया कि यह संसार अपनी-अपनी कल्पना के आधार पर कल्पना ही करता रहता है। जिस काल में दार्शनिक अपनी आभा में नियुक्त हुए और दार्शनिकों ने संसार के ऊपर कल्पना करना प्रारम्भ किया तो यह विचार आता है कि यह संसार क्या है? सबसे प्रथम दार्शनिक कहता है कि यह संसार तो एक कल्पवृक्ष की भाँति हैं यहाँ मानव कल्पना करता है और वस्तु प्राप्त हो जाती है। तो यह संसार कल्पवृक्ष की भाँति माना है। मुझे वह गाथा स्मरण आती रहती है जो अलङ्कारिक रूप में प्रगट की गई है। एक समय कहीं एक मानव बड़ा दुखित हो रहा था। और वह दुखित क्यों था कि उसकी पत्नी उसे नित्य प्रति दण्डित किया करती थी और वह मानव बड़ा दुखित हो रहा था। एक समय प्रातःकालीन पत्नी ने उसे दण्डित किया और वह मानव

व्याकुल हो रहा था और वह कह रहा था, प्रभु से प्रार्थना कर रहा था, हे प्रभु! मुझे आप यहाँ से ले जाइए। मैं इस संसार में अपने जीवन को नहीं चाहता हूँ। इतने में कहीं से भ्रमण करते हुए देव ऋषि नारद मुनि आ गए और वह बोले, चलो भगवन् आज मैं तुम्हें स्वर्ग लोक में ले चलूँ। मानव ने कहा प्रभु आप कौन है? उन्होंने कहा कि मैं देव ऋषि नारद हूँ। उसने कहा कि भगवन् मैं तो यह प्रार्थना ही कर रहा था। देव ऋषि नारद और वह मानव भ्रमण करते हुए कल्पवृक्ष के नीचे विराजमान हो गए। उन्होंने कहा कि हे मानव यह विष्णु की आभा है। यह उसके द्वार पर कल्पवृक्ष है तो कल्पवृक्ष के ही नीचे विराजमान हो जाओ। मैं भगवान् विष्णु की आज्ञा ले आऊँ कि तुम स्वर्ग में जाने योग्य हो अथवा नहीं। देव ऋषि नारद मुनि तो स्वर्ग में चले गए और वह मानव कल्पवृक्ष के नीचे विद्यमान हो गया। वहाँ मन्द सुगन्ध वायु चल रही थी वह मानव उससे प्रभावित हो गया और मानव ने कहा यह तो बड़ी मन्द सुगन्ध वायु है और उसने कल्पना की कि मेरे लिए यहाँ एक आसन होना चाहिए था। उसने कल्पना ही की तो आसन लग गया। तो वह मानव उससे अधिक प्रभावित हुआ। उसने और कल्पना की कि यहाँ विश्राम करने वाला आसन भी होना चाहिए। वहाँ विश्राम करने वाला आसन भी लग गया। वह तो कल्पवृक्ष था कल्पना करते ही वह वस्तु प्राप्त हो जानी थी। देव ऋषि नारद भगवान् विष्णु के द्वार बैठे थे उस मानव ने पुनः कल्पना की यहाँ सेवा करने वाली अप्सराएँ भी होनी चाहिए। कल्पना करते ही अप्सराएँ भी आ गईं। अब सेवा होने लगी। वह मानव बड़ा प्रभावित हुआ। उस मानव के हृदय में यह कल्पना जागने लगी कि तेरी मृत लोक वाली पत्नी होती तो तेरे ऊपर वह डन्डा भी होता। इतने में वह पत्नी भी वहाँ आ गई। आगे वह मानव है पश्चात् उसकी पत्नी, डण्डे सहित खिलवाड़ हो रहा है। जब देव ऋषि नारद मुनि भगवान् विष्णु के द्वार से कल्पवृक्ष के नीचे आने लगें तो

उन्होंने दृष्टिपात किया और मानव को देखा कि वह तीव्र गति से जा रहा है और पत्नी उसके पश्चात् निसन्देह गई। नारद मुनि ने दिव्य वाणी से कहा, अरे मानव! कल्पना को त्याग, और उसने कल्पना को त्यागा। न तो पत्नी है, न अप्सराएँ हैं, न आसन है। उस कल्पवृक्ष के नीचे वह मानव विराजमान है। देव ऋषि नारद मुनि बोले अरे धूर्त, तू ने यहाँ कल्पवृक्ष के नीचे विराजमान होकर भी भोग विलासों की कल्पना की है। यहीं स्वर्ग की कल्पना करता तुम्हें स्वर्ग मिल जाता। **यह भोग विलासों की कल्पना वाला जगत नहीं है, यह तो कर्त्तव्य के लिए बाध्य कर रहा है।** देव ऋषि नारद मुनि ने कहा कि यहाँ तो मैंने तुम्हें इसलिए विद्यमान किया था कि तू स्वर्ग की कल्पना करेगा। अरे! कल्पवृक्ष के नीचे आकर जो मानव तू स्वर्ग की कल्पना करता तो तुम्हें स्वर्ग प्राप्त होता। अरे! भगवान् से मिलने की कल्पना करते तो तुम्हें भगवान् का मिलन हो जाता। **यह जो परमात्मा का उत्पन्न किया जगत है यह एक प्रकार का कल्पवृक्ष है। जो मानव जैसी कल्पना करता है उसे वैसा ही प्राप्त होता है।**

वेद के आचार्यों ने यह कहा कि मानव! तुझे तो कल्पना करनी ही है, तो ऊर्ध्वा में कल्पना कर। तू विलासों की कल्पना मत कर, तू महानता की कल्पना कर, कर्त्तव्यवाद की कल्पना कर, यहाँ घृणित वाद की कल्पना मत कर। यह संसार क्या है? तो प्रथम दार्शनिक कहता है कि यह संसार कल्पवृक्ष है। यहाँ कल्पना की जाती है, यहाँ ब्रह्माण्ड में ऊर्ध्वा की रचना होती रहती है। एक वैज्ञानिक है वह अपने में विज्ञान की कल्पना कर रहा है। मानो विज्ञान के आङ्गन में प्रवेश हो रहा है। यहाँ संसार में प्रत्येक मानव नवीन-नवीन कल्पना करता रहता है। तो ऋषि कहता है कि यह संसार तो कल्पवृक्ष है। **इस में मानव जैसी कल्पना करता है वैसा ही बन जाता है।** दार्शनिक यह उद्गीत गाकर मौन हो गया।

संसार एक व्यापारशाला है

द्वितीय दार्शनिक कहता है कि नहीं यह संसार कल्पवृक्ष भी होगा परन्तु मुझे यह संसार एक प्रकार की व्यापारशाला दृष्टिपात आती है। यहाँ प्रत्येक मानव व्यापार करने के लिए आया है, व्यवसाय करने के लिए आया है। यहाँ किसी का किसी पर कुछ है वह मानव देने के लिए आया है और किसी का कुछ है तो लेने के लिए आया है। यह संसार एक प्रकार का व्यापार है। एक प्रकार का व्यवसाय है। प्रत्येक मानव कल्पना करता है। यह देने लेने की व्यापारशाला है। यहाँ प्रत्येक मानव मेरी प्यारी माता का पुत्र है। माता के गर्भ से उसने जन्म लिया है। वह मानव शिशु बन करके माता के गर्भस्थल में आया है। देखो जब शिशु बन के आया तो माता के गर्भस्थल में विद्यमान जब हुआ तो वह बिन्दु, बिन्दु के रूप में शिशु बनके आया, जब शिशु विद्यमान हुआ तो सर्वत्र देवताओं की एक माला बन गयी थी। उस काल में मेरी माता नहीं जानती थी कि तेरे गर्भस्थल में कौन शिशु का निर्माण कर रहा है, परन्तु देखो एक माला बन गई है और वह माला कैसे बनी पृथ्वी गुरुत्व देने लगी, चन्द्रमा अमृत देने लगा, सूर्य ने प्रकाश दिया, अग्नि ने ऊष्ण बनाया। अब वह आसन और भोजन बन गया था। इसलिए यजमान यज्ञशाला में तीन आचमन करता है क्योंकि माता के गर्भ में वह बालक पनप रहा था तो जल तो उसका आसन बना जल ओढ़न बन गया तो जल पासे बन गए, तो वह पनप रहा था और वह आपोमयी ज्योति कहलाती है। अग्नि उसे ऊष्ण बनाने वाली है।

विचार क्या सूर्य प्रकाश, चन्द्रमा अमृत और अग्नि ज्योति बन के रहती है। वही तो बालक का गृह बना हुआ है। वायु प्राण दे रहा है। अन्तरिक्ष आकाश दे रहा है। माता की नाभि के द्वारा अमृतमयी नाड़ी के द्वारा अमृत को पान कर रहा है। भोली माता! तुझे यह प्रतीत नहीं है कि वह निर्माण कर रहा है और वह निर्माणवेत्ता है, वह अमृतमयी

कर रहा है। विचार क्या वेद का ऋषि कहता है कि यह संसार व्यापारशाला है। माता के गर्भस्थल में उसने अपना व्यवसाय प्रारम्भ किया है। माता कह रहा है वह माता कहने वाला उच्चारण करने वाला ही है। **अपने में आत्मा में ही समाहित हो रहा है।** न्यूनता से पूर्णता का जन्म हो रहा है। वाह रे प्रभु! तू कितना वैज्ञानिक है। आज मैं तेरे विज्ञान की सीमा में जाने वाला नहीं हूँ क्योंकि तू विज्ञान में गति करने वाला है। यह संसार व्यापारशाला में मानव एक-दूसरे के व्यवसाय में लगा हुआ है। माता का पुत्र माता से कुछ लेने के लिए आया है और कुछ समय के पश्चात् चला जाता है।

बेटा! मुझे एक वाक्य स्मरण आ गया है। एक महात्मा कुक्कुट मुनि महाराज हुए। वह भयङ्कर वन में रहते थे, वह वायु गोत्रीय कहलाते थे। उनकी पत्नी उद्दालक गोत्र में जन्म लेकर के उनका वायु गोत्र में गृह संस्कार हुया। कुक्कुट मुनि महाराज बड़े तपस्वी थे। अपने में तपस्या करते रहते थे। माता, उनकी पत्नी के गर्भ में शिशु का प्रवेश हुआ। जब चर्तुथ मास हो गए। एक समय उनकी पत्नी ने कहा भगवन्! हे वायु गोत्रीय ब्रह्म! मैं यह जानना चाहती हूँ कि मेरे गर्भस्थल में जो शिशु पनप रहा है, उसका बाहरीय जगत में हमसे इसका क्या समन्वय है। देवी के इन वाक्यों को शान्त करके ऋषि बोले हे देवी! मैं इसका उत्तर कल दूँगा। वह एक नदी के तट पर विद्यमान होकर के समाधिष्ट हो गए, समाधिष्ट होकर के माता के गर्भस्थल में जो आत्मा विद्यमान थी शिशु के रूप में वह अपने वाक्य को प्रगट करने लगे। उन्होंने कहा हे आत्मा! तू हमारे कुल में प्रवेश हो रहा है, तेरे आने का मन्तव्य क्या है? तो आत्मा उत्तर देता है कि मैं इससे पूर्व जन्मों में राजा था और राजा होकर मेरा कुछ ऋण तुम पर रह गया, इसलिए मैं व्यापारशाला में आ रहा हूँ, संसार में आ रहा हूँ और द्रव्य को लेकर मैं यहाँ से चला जाऊँगा।

वह ऋषि यह वाक्य श्रवण करके अपने देवी से बोले कि हम तो बड़े दुर्भागी हैं। उन्होंने कहा कि क्यों? उन्होंने कहा कि **हमारे यहाँ दर्शनकारों ने कहा है कि पिता से पहले पुत्र का निधन नहीं होना चाहिए।** परन्तु यह जो तुम्हारे गर्भ से जन्म लेगा, हमसे पूर्व इसका निधन हो जाएगा। देवी ने कहा प्रभु! ऐसा क्यों? उन्होंने कहा देवी कि इससे पूर्व काल में सुदर्शन नाम के राजा थे और वह राजा होने से तुम मेरी पत्नी थी। यह (ऋण) लेने के लिए आया है। देवी ने कहा कोई बात नहीं भगवन्! कुछ समय के पश्चात् उस आत्मा का जन्म हुआ। पुत्र के रूप में प्रगट हुआ और आनन्दवत् होने लगा। कुछ समय के पश्चात् वह रुग्णता में परणित हो गया जब रुग्णता में परणित हो गया तो देवी के द्वारा जो मुद्राएँ थीं वह समाप्त हो गयीं। जितनी मुद्राएँ उसकी थीं जब समाप्त हो गयीं तो उसका प्राणान्त हो गया। परिणाम, ऋषि ने यह कहा कि यह संसार एक प्रकार की व्यापारशाला है। यहाँ किसी का देना है तो किसी का लेना है।

यह संसार एक विज्ञानशाला है

जब ऋषि ने अपने में निर्णय दिया तो अपने में व्यापारशाला कह करके लेने देने की व्यापारशाला उद्गीत गा करके वह मौन हो गए, उनका वाक्य समाप्त हो गया कि यह संसार एक प्रकार की व्यापारशाला है। किसी ने कहा यह संसार एक प्रकार का कल्पवृक्ष है। तो तीसरा वैज्ञानिक कहता है नहीं, यह संसार व्यापारशाला भी होगा परन्तु मुझे यह संसार एक प्रकार की विज्ञानशाला के रूप में दृष्टिपात आता है। यहाँ प्रत्येक मानव वैज्ञानिक बनने के लिए आया है। यह विज्ञानशाला है। यहाँ प्रत्येक मानव विज्ञान में रत्त होना चाहता है, विज्ञान की ऊँची-ऊँची उड़ानें होने लगी और विज्ञान यह कहता है कि एक परमाणु दूसरे परमाणु का मिलान करता है। और वे परमाणु एक-दूसरे से गठित होकर यन्त्रों का निर्माण करना है। यहाँ परमाणु का

निर्माण होता रहता है और निर्माण हो करके विशाल अग्नि प्रचण्ड होती रहती है। यह संसार एक प्रकार की विज्ञानशाला है। यहाँ संसार में जो आया और वह विज्ञान के लिए तत्पर हो जाता है। कृषक भी विज्ञान में रत्त हो करके अन्न की उपज करना चाहता है। इसी प्रकार नाना प्रकार के उपकरणों के द्वारा अनाज करना चाहता है। राष्ट्र अपने विज्ञान व वैज्ञानिकों की घोषणा कर रहा है कि वैज्ञानिकों! तुम विज्ञान में रत्त हो जाओ, विज्ञानवेत्ता बनों। मेरे प्यारे, माता कहती है हे बालक! तुम अपने क्रियाकलापों में परणित हो जाओ, तो मेरे प्यारे! वे कहीं सूर्य से उपकरण लेते हैं, कहीं से कान्ति लेते हैं, कहीं तारामण्डलों की माला बनाने लगते हैं, तो कहीं संसार विज्ञानशाला के रूप में दृष्टिपात आने लगता है, वे कहते रहते हैं कि यह संसार एक-दूसरे में विज्ञान में रत्त होता है। विज्ञान कहते किसे हैं? **विज्ञान कहते हैं सूक्ष्म धाराओं का एकोकीकरण करने का नाम विज्ञान कहलाता है।** विज्ञान किसे कहते हैं? **जहाँ मानव अपनी वाणी में अपने चित्र का दर्शन करता है।** विज्ञान किसे कहते हैं? **जहाँ मानव अन्तरिक्ष में विराजमान हो करके यन्त्रों का दर्शन करता है।**

षटाङ्गकेतु मुनि द्वारा यन्त्रों में पचासवें महापिता तक के दर्शन

मैंने तुम्हें कई काल में वर्णन किया है कि यह विज्ञान कैसा है। विज्ञानशाला में विद्यमान हो करके अपने पूर्वजों का दर्शन करता है। मुझे स्मरण आता रहता है षटाङ्गकेतु मुनि महाराज का जीवन षटाङ्गकेतु मुनि महाराज उद्दालक गोत्रीय कहलाते थे। उद्दालक गोत्र में बहुत से वंशज हो गए हैं, परन्तु उनमें एक महर्षि षटाङ्गकेतु मुनि हो गए हैं। उनकी पत्नी का नाम रेणुका था। रेणुका ने कहा, प्रभु मैं बाल्यकाल में अपने पूज्यपाद गुरुओं के द्वारा अध्ययन करती रही हूँ, और मेरी हार्दिक कामना है कि हमें विज्ञान में जाना चाहिए। वैज्ञानिक बनना चाहिए। उन्होंने कहा बहुत प्रियतम! वैज्ञानिक तो हमें बनना ही चाहिए।

षटाङ्गकेतु मुनि महाराज और उनकी पत्नी नित प्रति याग करते थे। साकल्य एकत्र करना और घृत के द्वारा याग करना और उनमें जो तरङ्गें उत्पन्न हुआ करती थीं। याग के द्वारा तरङ्गों को एकत्रित करके उनमें वे विज्ञान का दर्शन करते थे। विज्ञान का जब दर्शन करने लगे तो विज्ञानता का दर्शन हुआ 'विज्ञानाँ ब्रह्मा दर्शनं' तरङ्गों में जैसे हमारे यहाँ याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने क्या मैत्रियी ने भी यह कहा था कि महाराज एक यजमान याग कर रहा है। इस यज्ञ में यज्ञ की आत्मा क्या है, जब यज्ञ की आत्मा का प्रसङ्ग आया तो याज्ञवल्क्य मुनि महाराज ने कहा कि **यज्ञ की आत्मा स्वाहा है।** जो यजमान होताजन विद्यमान होकर के स्वाहा उच्चारण करते हैं वह यज्ञ की आत्मा कहलाता है। परन्तु ऋषि-मुनि ऐसे ही नहीं किसी वाक्य का उच्चारण करते थे, चिन्तन करते रहते थे कि स्वाहा यज्ञ की आत्मा कैसे बनता है। वे, महर्षि षटाङ्गकेतु व उनकी पत्नी यह विचारते रहते थे कि महाराज वेद ने यह कहा है कि यज्ञ की आत्मा स्वाहा है। मैं नहीं जानती यह कैसे स्वाहा बन सकता है। उन्होंने कहा हे देवी! वेद मन्त्रों से स्वाहा उच्चारण किया जाता है। वह यज्ञ की आत्मा है, जैसे हम स्वाहा उच्चारण करते हैं तो हमारे स्वाहा कहते ही अग्नि की धाराओं पर विद्यमान हो करके वह जो स्वाहा शब्द द्यौलोक को जाता है। उस स्वाहा शब्द में हमारा चित्र, हमारा शब्द विद्यमान रहता है। जब उन्होंने यह कहा कि शब्द विद्यमान है तो उनकी पत्नी ने कहा कि इसके आगे चलकर हमें दिग्दर्शन करना है। उन्होंने कहा देवी हम दिग्दर्शन करेंगे। जब अनुसन्धान करने लगे तो उन्होंने यन्त्रों का निर्माण किया और यन्त्रों का निर्माण करने के पश्चात् उनके यन्त्रों में उनके चित्र दृष्टिपात आने लगे। जब उनके चित्र आने लगे तो उन्होंने कहा कि हे भगवन्! पत्नी बोली, हे प्रभु! हमारे तो चित्र आ रहे हैं इस यन्त्र में। उन्होंने कहा, हे देवी! 'यथा ब्रह्मः वृतं'। उन्होंने यह वाक् कहा तो वेद का ऋषि निर्णय करने लगा, अनुसन्धान करने

लगा। तो ऐसे-ऐसे यन्त्रों का निर्माण किया कि उन्हें अपने छठे महापिता का दर्शन होने लगा। जो पिता संसार में नहीं थे तो उनके चित्र अन्तरिक्ष में गति कर रहे थे। यन्त्रों में उनके चित्र आने लगे, शब्द आने लगे, क्रियाकलाप आने लगे। मुझे कुछ ऐसा स्मरण है कि षटाङ्गकेतु मुनि के विद्यालय में, षटाङ्गकेतु मुनि की यज्ञशाला में उनके यहाँ पचासवें महापिता तक के दर्शन होते थे।

षटाङ्गकेतु मुनि व पत्नी श्रेय का लोक-लोकान्तरों में गमन

विचार क्या, वेद का ऋषि कहता है कि यह संसार एक प्रकार की विज्ञानशाला है। यहाँ प्रत्येक मानव वैज्ञानिक बनने के लिए आया है। मेरी प्यारी माता जब प्रातःकालीन तर्पण करती है, यज्ञ में स्वाहा देती है तो वह स्वाहा ही तो यज्ञ की आत्मा है। वह आत्मा बन करके याग को अन्तरिक्ष में ले जाता है। मैं विशेष वाक्य तो नहीं दे पाऊँगा केवल यह विचार देने के लिए आया हूँ कि प्रत्येक मानव को यह विचार-विनिमय करना है कि यह संसार क्या है? यह एक प्रकार की विज्ञानशाला है। यहाँ प्रत्येक मानव वैज्ञानिक बनने के लिए आया है, यहाँ विज्ञानशाला में हम सब विद्यमान हैं। यह परमात्मा का जगत एक प्रकार की विज्ञानशाला है। जब ऋषि ने यह वाक्य प्रगट किया, तो उन्होंने कहा कि यहाँ प्रत्येक मानव अपने आपको वैज्ञानिक बन करके अपने में अपनेपन को दृष्टिपात करता रहा है। तो षटाङ्गकेतु मुनि महाराज ने विज्ञान को यहीं तक नहीं जाना था। मुझे वेद मन्त्र स्मरण आया है और वह वेद मन्त्रों द्वारा याग कर रहे थे। वह कहते थे 'ऊर्ध्वा ब्रह्मः' एवं 'लोकां व्रतं देवी ब्रह्महः' वह उच्चारण कर रहे थे हे देवी! वेद मन्त्र यह कह रहा है कि हम लोक-लोकान्तरों में भी गमन कर सकते हैं। उन्होंने कहा प्रभु हमें उस विज्ञान के आङ्गन में प्रवेश करना चाहिए। उन्होंने एक समय, बहुत समय के पश्चात्, एक यन्त्र का निर्माण किया था और यन्त्र में उन्होंने कहा कि हे देवी! आओ आज हम लोकों का भ्रमण करके आते हैं। उन्होंने कहा,

बहुत प्रियतम। महर्षि षटाङ्गकेतु, उनकी पत्नी श्रेय और एक ब्रह्मचारी वीरेन्द्रकेतु तीनों यान में विद्यमान हो गए और विद्यमान हो करके वहाँ से जिस यन्त्र को उन्होंने जाना वह यन्त्र सूर्य की ऊर्ध्वा में गति करने लगा। तो सबसे प्रथम पृथ्वी से उड़ान उड़ता हुआ वह सबसे प्रथम चन्द्रमा में जा पहुँचा। चंद्रमा से उड़ान उडता हुआ वह यान बुध में चला गया। जब बुध से उड़ान उड़ी तो मङ्गल में चला गया। मङ्गल से उड़ान उड़ी तो वह शुक्र में प्रवेश कर गया। जब शुक्र से उड़ान उड़ी तो वह मृचीका मण्डल में चला गया। जब मृचीका मण्डल से उड़ान उड़ी तो वह रोहिणीकेतु मण्डल में चला गया। जब रोहिणीकेतु मण्डल से उड़ान उड़ी तो वह कृतिका मण्डल में चला गया। जब कृतिका मण्डल से उड़ान उड़ी तो वह महीकेतु मण्डल में चला गया। वहाँ से वह मृचीका में प्रवेश कर गया। जब मृचीका से उड़ान उड़ी तो वह श्वेतकेतु मण्डल में चला गया। वहाँ से वह अरुन्धती मण्डल में चला गया। वहाँ से वह वशिष्ठ मण्डल में चला गया। वहाँ से वह रेवाचुक मण्डल में चला गया। वहाँ से वह (बृचगाथुन) मेघ मण्डल में चला गया। मैं यह विचार देने के लिए आया हूँ कि वह यान लोकों का भ्रमण करके पुनः पृथ्वी पर आ गया। मेरे प्यारे! ऋषि ने कहा कि संसार एक विज्ञानशाला है, यहाँ प्रत्येक मानव वैज्ञानिक बनने के लिए आया है। मेरी पुत्री अपने विज्ञान में सार्थक बन जाती है।

वैज्ञानिक शबरी

मैंने तुम्हें कई काल में वर्णन कराया। मैं विज्ञान की कहाँ तक चर्चा करूँ। त्रेता के काल में महर्षि पप्पेतु मुनि महाराज की कन्या शबरी थी, वह **शबरी भारद्वाज मुनि के यहाँ विज्ञान में परायण हुई।** उसी विज्ञान में वह विज्ञानवेत्ता थी। उन्होंने भारद्वाज के विज्ञानशाला में उपकरणों के द्वारा, यन्त्रों के द्वारा एक यन्त्रशाला में एक यन्त्र का निर्माण किया। उस यन्त्र में यह विशेषता थी कि एक रक्त का बिन्दु प्रवेश किया और उस यन्त्र में जिस मानव के रक्त का बिन्दु था उस

मानव का स्वरूप दृष्टिपात आने लगा। वह शबरी उपकरणों व यन्त्रों के द्वारा विज्ञानवेत्ता बन गई। **यह वही शबरी थी जब राम वन को जाकर के रावण को विजय करने के लिए चले तो भारद्वाज मुनि ने सर्वयन्त्रों को उन्हें प्रदान किया था और यह कहा था कि तुम यह राम को प्रदान कर देना।** और वह यन्त्रों को लेकर पहुँच गई। मैं विज्ञान की कहा तक चर्चा करता रहूँ। मेरा तो मन्तव्य केवल यह कहता है कि यह संसार एक प्रकार की विज्ञानशाला है और यह विज्ञान में रत्त रहने वाला है। परन्तु **अन्त में ऋषियों ने एक वाक्य कहा कि इस संसार को मानव जिस दृष्टि से मापने लगता है तो इसी प्रकार का दृष्टिपात होने लगता है।**

मेरे प्यारे! कल्पवृक्ष वालों ने कल्पवृक्ष माना। व्यापारशाला वालों ने व्यापार में सिद्ध कर दिया और विज्ञानवेत्ताओं ने बेटा! विज्ञान में सिद्ध कर दिया। विचार-विनिमय क्या बेटा! यहाँ प्रत्येक मानव विज्ञानवेत्ता बनने के लिए आया है। मैं षटाङ्गकेतु मुनि की चर्चा कर रहा था। वह उद्दालक गोत्रीय थे। उद्दालक गोत्र होने के नौ सौ सत्तर (977) वंशज समाप्त हो गए थे। उद्दालक गोत्र का निकास वायु गोत्रों से हुआ था, और वायु गोत्र पचहत्तर हजार पाँच सौ इकसठ (75,561) वंशज समाप्त हो गए। वायु गोत्रों का जो निकास था वह हरितत गोत्रों से हुआ जिनके चवालीस हजार पाँच सौ पचहत्तर (44,575) वंशज तक गोत्र चले थे। हरितत गोत्रों का निकास ब्रह्मः के पुत्र कहलाते थे। जिनके लगभग इक्यानवे हजार पाँच सौ इकसठ (91,561) उनके वंशज समाप्त हुए। मैं वंशजों में जाना नहीं चाहता हूँ। यह एक प्रकरण आ गया। परन्तु विचार यह जो प्रकरण है, आज मैं इसमें जाना नहीं चाहता हूँ। विचार क्या, सदा आध्यात्मिकवेत्ता, ब्रह्मवेत्ता विज्ञान में रत्त होते चले जा रहे हैं। यह है आज का वाक्। मुझे समय मिलेगा मैं तुम्हें आगे की शेष चर्चाएँ कल प्रगट करूँगा।

बेटा! यह संसार विज्ञानशालामय है। विज्ञान के सम्बन्ध में और चर्चाएँ कल प्रगट करूँगा। **आज का वाक्य केवल यह** जिन्होंने जिस प्रकार संसार को, परमात्मा के जगत को मापने का प्रयास किया है वह आभामय दृष्टिपात आता रहा है। बेटा! यह है आज का वाक्य, यह अब समाप्त होने जा रहा है। आगे किस-किस रूप में इस संसार को दार्शनिक किस रूप में स्वीकार करते हैं, यह चर्चाएँ कल प्रगट करूँगा। आज का वाक्य समाप्त और वेदों का पठन-पाठन।

वेद पाठ .....

महर्षि महानन्द जी–अच्छा भगवन्! आज्ञा।
पूज्यपाद गुरुदेव–ओ३म् शान्तिः।

दिनाँक : 13 दिसम्बर, 1986
समय : दोपहर 2 बजे
स्थान : नङ्गला मूसा (मोदीनगर)

सूचना

पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज द्वारा संस्थापित वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी) दिल्ली को दानदाताओं द्वारा दान देने पर आयकर विभाग की धारा 80 जी के अन्तर्गत छूट 26-9-2914 को मिल गई है जो कि 2015-2016 से लागू है।

वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी.)

।। ओ३म् ।।

राष्ट्रोत्थान हेतु महानन्द जी के उद्‌गार

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस महान मेरे प्रभु की महिमा का गुणगान गाया जाता है, क्योंकि वह जो मेरा अनुपम देव है वह यज्ञमयी स्वरूप माना गया है। प्रत्येक वेद मन्त्र उस परमपिता परमात्मा के ज्ञान और विज्ञान का वर्णन करता रहता है।

नाना यागों की प्रतिभा

आज का वेद मन्त्र यागों के सम्बन्ध में वह अपनी विवेचना कर रहा है। वास्तव में तो हम परम्परागतों से ही नाना प्रकार के यागों का चयन हमारे यहाँ होता रहा है क्योंकि भिन्न-भिन्न प्रकार के हमारे यागों का कर्मकाण्ड अथवा उसके उनकी वृत्तियाँ हैं अथवा उनका जो क्रियाकलाप है वह परम्परागतों से ऋषि-मुनियों के मस्तिष्कों में प्रायः नृत्य होता रहा है अथवा गतिशील रहा है। तो हमें विचार-विनिमय करना चाहिए कि हमारे यहाँ नाना प्रकार के यागों का चलन परम्परागतों से ही माना गया है। हमने बहुत पुरातन काल में अपना निर्णय देते हुए कहा था कि हमारे यहाँ भिन्न-भिन्न प्रकार के यागों में अहिंसा और मानवीयता से गुथे हुए क्रियाकलाप का नाम ही याग माना गया है। वह अहिंसा में रतम् ब्रह्मवाचोः वह अहिंसा से गुथा हुआ मानवीयत्व

सदैव निहित रहा है। इसके ऊपर हमारे यहाँ ऋषि-मुनि परम्परागतों से अनुसन्धान करते रहे हैं। इसलिए हमारे यहाँ याग का अपना महत्त्व माना गया है। प्रत्येक क्रियाकलापों में याग का अपना महत्त्व और अपनी मानव विशिष्टता रही है। इसके ऊपर परम्परागतों से ऋषियों ने अपनी साधना के सम्बन्ध में भी याग का चलन माना है और उसको पवित्रता में लाने के लिए सदैव तत्पर रहे हैं।

जितना भी संसार का सुक्रियाकलाप है नित्य प्रति क्रियाओं में आने वाला जो नृत्य है उनमें सर्वत्रता में यागों की वृत्तियाँ मानी हैं और यह कहा है ऋषियों ने कि हम प्रत्येक रूप में याग को स्वीकार करते हैं। क्योंकि यह पालन करने वाला है। हमारे यहाँ जैसे कृष्ण याग का प्रायः वर्णन आता रहता है, रुद्रयाग का वर्णन आता रहता है, वाजपेयी यागों का वर्णन आता रहता है, अग्निष्टोम याग और देवी यागों का भी वर्णन प्रायः हमारे वैदिक साहित्य में अनेक यागों का वर्णन है जैसे वृष्टि याग है, अति वृष्टि हो रही है उस वृष्टि को शान्त करने के लिए भी हमारे महान् तपस्वियों ने याग को विशेष माना है, उसको अग्रगणीय माना है। वह हमारे यहाँ अग्निष्टोम याग में भिन्न-भिन्न प्रकार के क्रियाकलापों का वर्णन आता रहा है। मुझे भी स्मरण आता रहा है कि यहाँ नाना प्रकार के यागों का जो कर्मकाण्ड है, वह मानवीय धाराओं में और आत्मिकता में निहित रहता है। इसलिए वेद का ऋषि कहता है, आचार्य कहता है, हे मानव! तू अहिंसा परमोधर्मः अहिंसा गुथा हुआ मानव दर्शन को तू परमपिता परमात्मा के रचाए हुए इस भव्य याग में, भव्य यज्ञशाला में ले चल क्योंकि यज्ञशाला का अभिप्राय यह है कि जहाँ वेदों की ध्वनियाँ होती हैं, जहाँ वेद रूपी प्रकाश मानव के समीप होता हो, मानव तू अग्रगणीय बन करके उस यज्ञशाला में ले चल। तो जब यह पुकार वैदिक साहित्य से होती है तो आचार्यजन इसके ऊपर विचार-विनिमय करते रहते हैं।

यह स्वीकार किया गया है आचार्यों ने विज्ञान के वाङ्मय में जा करके कि नाना-नाना प्रकार की चित्रावलियाँ बन करके, यज्ञशालाओं में यज्ञ यन्त्रों में प्रायः दृष्टिपात आती रहती हैं। जिसका वर्णन हम कई कालों में प्रगट भी कराए हैं। आज भी हमारा मूल वृत्तियाँ होने वाली हैं, जैसा हमारे यहाँ मेरे प्यारे! आदि ऋषियों ने नाना-नाना ऋषियों ने ब्रह्मवाचो प्रवाहः लोकम् ब्रह्माः वयु सर्व ब्रह्म वृणस्ताः। देखो ऋषिवर! साधना में परणित हो रहे हैं और वह अपने वायुमण्डल को पवित्र बनाने के लिए सुगन्धित, पुष्टिकारक और रोगनाशक परमाणुओं को जन्म लेने के लिए वह याग में परणित हो गए हैं और वह यागों के चलन में अपनी वृत्तियाँ ले गए हैं और उन्होंने याग की रचनाएँ की हैं और याग में उन्होंने इतना गम्भीर अध्ययन किया है। जैसे यजमान याग कर रहा है, एक ऋषि ने भी वर्णन किया है उद्दालक गोत्र में, हरितत गोत्र में एक ऋषि हुए हैं जिनका नाम स्वाति व्रेचकेतु कहलाता था। व्रेचकेतु ने एक समय यह विचारा कि मैं याग ब्रह्म में साधना में परणित होना चाहता हूँ। तो साधना के लिए वह अनुष्ठान जब करने के लिए तत्पर हुए, तो उन्होंने याग की रचना की।

उन्होंने यह विचारा कि मैं जब तक अपने बाह्य जगत् में अङ्ग-सङ्ग के आसन को पवित्र वायुमण्डल नहीं बना सकूँगा, मैं अपने यागों में सफलता को प्राप्त नहीं होऊँगा और मेरी साधना भी नहीं बन सकेगी। मैं प्राण और मन की प्रतिभा में जाना चाहता हूँ। मुझे कुछ ऐसा स्मरण है कि जब वह याग करने लगे, तो कहीं से मुनिवरो! देखो महर्षि पुण्डरीक महाराज भ्रमण करते हुए वह अपने विद्यालय में ब्रह्मचारियों को कुछ दण्डित करके आश्रम में आ पधारे। व्रेचकेतु मुनि महाराज याग कर रहे थे, और मुनिवरो! पुण्डरीक ऋषि महाराज ने आ करके याग प्रारम्भ उनके साथ में आहुति देना प्रारम्भ किया, तो उनके विचारों में रजोगुण, तमोगुण छाया हुआ था। वह दण्डित करके ब्रह्मचारियों को

विद्यालय से पधारे थे। तो उस समय मुनिवरो! देखो व्रेचकेतु ने कहा कि हे ब्रह्मवेत्ता! हे ब्राह्मणों तुम जो यह मेरे समीप याग करने लगे हो तुम्हारे मन की जो तरङ्गें हैं, वह दूषित हैं और दूषित परमाणुओं को जन्म दे रही हैं। तो मेरे पुत्रो! जब उन्होंने यह कहा तो पुण्डरीक ऋषि ने उन वाक्यों को स्वीकार कर लिया और यह कहा कि प्रभु वास्तव में मेरे हृदय में रजोगुण और तमोगुण छाया हुआ है। मैं विद्यालय से पधार रहा हूँ और ब्रह्मचारियों को विद्यालय में दण्डित करके आ रहा हूँ। मेरे हृदय में जहाँ रजोगुण छाना था वहाँ तमोगुण भी छा गया और तमोगुण, रजोगुण के छाने से मुझे सतोगुण में जाना था, वह मैं नहीं जा सका हूँ। तो मैं आपसे प्रार्थना कर रहा हूँ प्रभु मुझे क्या करना चाहिए? तो मुनिवरो! देखो उन्होंने कहा कि अब तुम स्थली पर विद्यमान हो करके अपने में सतोगुण को लाने का प्रयास करो। न्योदामय से पुनः से **वेद मन्त्रों का अध्ययन करो, उनसे चिन्तन और मनन करो जिससे तुम्हारा हृदय पुनः से पवित्र हो जाए।**

कुछ ऐसा स्मरण है कि वह ऋषि अपनी गन्तव्य स्थली में विद्यमान हो करके जब उन्होंने कई दिवस तक वेदों का गान गाना प्रारम्भ किया, उस गान के गाने से उसके ऊपर मनन और चिन्तन करने से मुनिवरो! देखो उनका हृदय पुनः से पवित्र हो गया और पवित्र हो जाने से उसके पश्चात् उनका अनुष्ठान होना था, उस याग में पुनः से परणित हो गए। याग में आहुति देने लगे, स्वाहा उच्चारण करने लगे। तो विचार यह है कि याग मुनिवरो! देखो साधना का मुख्य एक वृत्तियाँ कहलाती है। इसलिए **हमें अपने विचारों, हृदयों को इतना विशुद्ध बना लेना चाहिए, जिससे याग हमारा देवता बन करके देव पूजा बन करके वह वायुमण्डल को पवित्र बना सके, मानव के हृदयों को पवित्र बना सके।** याग का जो अध्वर्यु है, वह सूर्य माना गया है, वह प्रकाश देने वाला है नाना-नाना प्रकार की किरणों से बेटा! वह नाना-नाना प्रकार की याग की तरङ्गों को अपने में ग्रहण कर लेता है।

आज मैं बेटा! याग के सम्बन्ध में कोई विशेष चर्चा प्रगट करने नहीं आया हूँ। विचार केवल यह कि हम परमपिता परमात्मा की आराधना करते हुए देव की महिमा का गुणगान गाते हुए याग करें। **याग होते हैं, यागों में दर्शनों का उपदेश होता है** दर्शनों की प्रतिभा में मानव रत्त हो जाता है। इससे पूर्वकाल में हम तुम्हें प्रगट कर रहे थे, हम माता वसुन्धरा की याचना कर रहे थे। वसुन्धरा में हमारी जननी माता पृथ्वी माता और वही वसुन्धरा को चैतन्य देव जो संसार का अधिपति माना गया है, जो संसार को अपने में धारण कर रहा है, नाना-नाना प्रकार की मालाओं को अपने में अर्पित करके संसार को माला के रूप में दृष्टिपात करा रहा है। जब दार्शनिकजन अपनी आभा में परणित होते हैं तो संसार की माला बना करके अपने कण्ठ में धारण करके उसको आलङ्गित करके अपने में धन्य-धन्य हो जाते हैं।

महर्षि दालभ्य के उद्‌गार

मेरे पुत्रो! देखो वहीं सभा में जाना चाहता हूँ। सभा में मुनिवरो! देखो महर्षि शिखाङ्गकेतु महाराज जो उद्दालक गोत्रीय कहलाते थे। **उद्दालक गोत्रीय ऋषियों के यहाँ प्रातःकालीन याग होना और याग के पश्चात् अपने-अपने मानवीय कल्याण के लिए उपदेश देना** यह परम्परा का एक नृत्य माना गया है। परम्परागतों से ही एक ही स्थली पर नहीं, जब भारद्वाज मुनि के आश्रम में ब्रह्मचारी अध्ययन करते थे, प्रातःकालीन याग करते थे और यन्त्रों के द्वारा अपने चित्रों का दर्शन करते रहते थे। तो मुनिवरो! देखो वह यज्ञशाला में विद्यमान हो करके अपना आत्मनीय जो चिन्तन है, आत्मनीय जो विचारधारा है उसे प्रायः वह प्रगट करते रहे हैं। उसका उपदेश मञ्जलियाँ उपदेश होना उस उपदेश को सब श्रवण करके अपनी-अपनी महानता में रत्त रहना है। तो इनके पूर्व काल में ब्रह्मचारी सुकेता का उपदेश हुआ और देखो महर्षि वैशम्पायन के विचार श्रवण किए और इसी विचार में महर्षि प्रह्लाण ने

अपने ब्रह्मवेत्ता होने का अपना विचार व्यक्त किया। उसके पश्चात् मुनिवरो! देखो महर्षि दालभ्य उपस्थित हुए। महर्षि दालभ्य मुनि बोले कि संसार में जैसे यह भौतिक याग चल रहा है जैसे भौतिक याग में मानव परणित हो रहा है, इसी प्रकार मानव को आध्यात्मिकवाद में ही प्रवेश करना चाहिए। आध्यात्मिक चिन्तन करने वाला याज्ञिक यह विचारता है कि प्रकाश कहाँ से प्राप्त होता है। प्रकाश के लिए वह सदैव तत्पर रहता है, अन्धकार को नष्ट करने में तत्पर रहता है और प्रकाश को लाने में प्रयास करता रहता है।

यह जो वेदों के मन्त्र हैं, वेदों की जो ध्वनियाँ हैं जो भिन्न-भिन्न प्रकार से वेदों का जो उद्गीत गाने वाले हैं जैसे जटापाठ, मालापाठ, घनपाठ, ऋदम्पाठ, उदात्त और अनुदात्त में वेदों का गान गाया जाता है। वेद की प्रत्येक मन्त्रों की एक वह मंतरा बना करके और मन्तव्य बनाने के पश्चात् वह ब्रह्मावाचो वह किसी सूत्र में पिरो देता है और वह सूत्रों में परणित हो करके एक माला बन जाती है और उस माला को मुनिवरो! देखो धारण करने लगता है अपने हृदय में, मानव अपने कण्ठ में आलिङ्गन करके अपने को धन्य बन जाता है। उसके पश्चात् वह प्रकाश कहलाता है। वह उनको जो प्रकाश दे, जो मानव के मानवीय प्रकाश में रत्त हो जाता है। जैसे प्रातःकाल से सूर्य उदय होता रहता है, सूर्य उदय हो करके नाना प्रकार की ऊर्जा देता है, प्रकाश देता है, प्रकाश में रत्त हो जाते हैं। सूर्य नेत्रों का देवता बन जाता है, नेत्रों को प्रकाशित करने वाला, नेत्र प्रकाशित हो जाते हैं। इसी प्रकार जो **वेदों का अनुपम प्रकाश है वह मानव के अन्तःकरण को प्रकाशित बना देता है।** जैसे मुनिवरो! सूर्य नेत्रों का प्रकाशक है, उसी प्रकार वेदरूपी जो प्रकाश है, वेदरूपी जो विज्ञान है वह मानव के अन्तःकरण को पवित्र बना देता है। ऋषि ने कहा हमें वेद के एक-एक शब्दों को अपने में चिन्तन में लाते हुए प्रकाश में जाना चाहिए। जैसे सूर्य ऊर्जा को ले

करके नाना यन्त्रों में वैज्ञानिक प्रवेश हो जाते हैं इसी प्रकार जब वेदरूपी सूर्य को, वेदरूपी प्रकाश को अपने अन्तःकरण में दृष्टिपात किया जाता है तो वह प्रकाश मानव का एक द्वितीय रूप को धारण करके मानव को अनुपम बना देता है। वह प्रकाश में रत्त हो करके मुनिवरो! देखो प्रभु के गुणगान गाता रहता है। हिंसक प्राणी उनके समीप नहीं आता, वह अहिंसा में परणित होते हुए अपनी आभा में नियुक्त हो जाते हैं।

चित्त की आभा

मैं विशेष विवेचना न देता हुआ, आज का विचार क्या कह रहा है? हे मानव! तू याज्ञिक बन करके भिन्न-भिन्न प्रकार के यागों का चयन कर, उसमें अहिंसा से गुथा हुआ तेरा चयन रहना चाहिए, तेरे क्रियाकलाप रहने चाहिए क्योंकि वही क्रिया तेरे जन्म जन्मान्तरों के क्या, वह चित्त के मण्डल में निहित हो जाती है और वही चित्त का मण्डल संस्कारों का तारतम्य बन करके, संस्कारों की प्रतिभा बन करके वह चित्त की आभा में निहित हो जाती है। इसलिए तेरा जो क्रियाकलाप है वह विचित्र होना चाहिए, जिससे वह परमाणु तुझे ही प्राप्त होते हुए आज उन परमाणुओं की प्रतिभा में रत्त हो जाए। यह उद्गीत ऋषि-मुनियों की सभा में भिन्न-भिन्न प्रकार का विचार-विनिमय होता रहा है। शब्द विज्ञान, आभामयी विज्ञान अपने में देखो पराद्वितीय रहा है। आज मैं विशेष चर्चा न प्रगट करता हुआ, आज मेरे प्यारे महानन्द जी! अपने दो शब्द उच्चारण करेंगे।

पूज्य महर्षि महानन्द मुनि जी के उद्गार

ओ३म् देवम् भ्रदाः माम् ऋषि वरुणाः।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव! मेरे भद्र ऋषि मण्डल! अभी-अभी मेरे पूज्यपाद गुरुदेव याग के सम्बन्ध में अपनी भौतिक विचारधाराएँ प्रगट कर रहे थे। उनके विचारों में याग के प्रति कितने अगाध प्रीति हमें

